<u>संदेश</u>

गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर मैं, सभी देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं।

गुरु रविदास भारत के एक ऐसे महान संत थे जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से मानवता को एकता और भाईचारे का संदेश दिया। उनकी भावपूर्ण कविताएं जाति और धर्म की सीमाओं से ऊपर उठते हुए पूरी मानवता को प्रेरित करती हैं। संत रविदास जी का जीवन समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणास्रोत है।

आइए हम भक्ति, करुणा और निस्वार्थ सेवा के उनके संदेश को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाएं तथा समावेशी समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

****